# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 23.02.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांकः -23.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।
- जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।
- जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।
- पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






## मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान...






पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति अभियान फेज-5" के अन्तर्गत आज दिनांक- 23.02.2026 को जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

"मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान

- आज दिनांक 23.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 23.02.2026
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# SPEL कार्यक्रम के अंतर्गत बंदोबस्त ड्यूटी एवं भीड़ प्रबंधन विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

आज दिनांक 23.02.2026 को Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं हेतु एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का विषय मेला, जुलूस, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रमों में पुलिस द्वारा की जाने वाली बंदोबस्त ड्यूटी एवं प्रभावी भीड़ प्रबंधन रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि बड़े आयोजनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बंदोबस्त ड्यूटी के अंतर्गत पुलिस द्वारा पूर्व योजना बनाना, संवेदनशील स्थलों का चिन्हांकन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था का संचालन तथा आपातकालीन सेवाओं से समन्वय स्थापित करना आवश्यक होता है।

सत्र में विशेष रूप से भीड़ के साथ संवाद स्थापित करने, शांति एवं धैर्य बनाए रखने, अफवाहों पर नियंत्रण, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का उपयोग तथा समझाइश के माध्यम से स्थिति को नियंत्रित करने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सामूहिक आयोजनों में पुलिस की भूमिका केवल नियंत्रण तक सीमित नहीं होती, बल्कि जनसुरक्षा सुनिश्चित करना एवं सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखना भी उसका प्रमुख उद्देश्य होता है।

कार्यक्रम संवादात्मक शैली में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे। अधिकारियों द्वारा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बंदोबस्त ड्यूटी की चुनौतियों एवं समाधान की जानकारी दी गई।

इस सत्र का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक व्यवस्था प्रबंधन की वास्तविक प्रक्रिया से परिचित कराना, उनमें जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना विकसित करना तथा पुलिस-जन सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 23.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय एसओजी व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने ₹ 25 हजार के ईनामिया वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे ईनामिया, पुरस्कार घोषित व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 23.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 288/25 धारा 318(4)/319(2)/336(3)/ 340(2) /338 बीएनएस व 132(1)क,ख,ग,ठ(3) केंद्रीय माल व सेवाकर अधिनियम से सम्बन्धित ₹ 25 हजार के ईनामिया वांछित अभियुक्त नीरेन्द्र कुमार दीक्षित पुत्र मुन्नालाल दीक्षित निवासी 3/103 खिच़डीपुर नियर कल्याण पुरी बस स्टैंड मयूर विहार 1 ईस्ट दिल्ली हालपता तुर्रामुहाल थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को कचहरी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

नीरेन्द्र कुमार दीक्षित पुत्र मुन्नालाल दीक्षित निवासी 3/103 खिच़डीपुर नियर कल्याण पुरी बस स्टैंड मयूर विहार 1 ईस्ट दिल्ली हालपता तुर्रामुहाल थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण–

**थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम–**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय
2. उ0नि0 दिनेश तिवारी 3. हे0कां0 राजकुमार सिंह

**जनपदीय एसओजी टीम–**

1. उ0नि0 विवेक यादव
2. कां0 दीपक वर्मा 3. कां0 रंजीत सिंह 4. कां0 आशीष बघेल
5. कां0 निर्भय सिंह 6. कां0 सत्यम सिंह जादौन 7. कां0 निलेश



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 23.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा किराना व्यवसायी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया...।

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान *ऑपरेशन खोज* के क्रम में प्रभावी कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.02.2026 को थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा गुमशुदगी संख्या 03/2026 से संबंधित गुमशुदा किराना व्यवसायी त्रिभुवन गुप्ता पुत्र रामचरन गुप्ता, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी मु0 स्वामीदास-2, कस्बा व थाना खरेला, जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि त्रिभुवन गुप्ता दिनांक 16.02.2026 को शिव मंदिर कस्बा खरेला में जल चढ़ाने के उपरांत बिना किसी को बताए घर से कहीं चले गए थे। काफी खोजबीन के बावजूद पता न चलने पर उनके पिता रामचरन गुप्ता द्वारा थाना खरेला पर गुमशुदगी पंजीकृत कराई गई थी।

थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, स्थानीय सूचना संकलन एवं सक्रिय तलाश के फलस्वरूप गुमशुदा व्यक्ति को आज दिनांक 23.02.2026 को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

गुमशुदा व्यक्ति की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं सतर्कता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरणः

1. प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री नन्हेलाल यादव
2. व0उ0नि0 शिवदान सिंह

